निदेशक के रूप में कम्पनी को देख रहे हैं, आप सभी उन्हें अच्छी तरह जानते हैं। निश्चय ही, वेकोलि उनके नेतृत्त्व में प्रगति करेगी। इसी तरह, गत सप्ताह नये निदेशक (वित्त) के रूप में श्री आर पी शुक्ला ने दायित्व सम्भाला है। आप दोनों को टीम वेकोलि की ओर से बधाई और अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं।

इस बीच, कम्पनी के लिए एक बड़ा शुभ समाचार यह भी है कि ओडिशा में कोल ब्लॉक प्राप्त करने की हमारी कोशिश सफ़ल होती दिख रही है। अगले महीनों में इसे एक पुख्ता स्वरूप मिल जायेगा। और, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तथा ओडिशा तीन राज्यों में काम करने वाली पहली कम्पनी WCL ही होगी।

वैसे भी, वर्तमान वित्तीय वर्ष का हमारा कोयला-उत्पादन और प्रेषण का लक्ष्य 62 मिलियन टन है। अगले चार वर्षों में 20 नयी खदानें खोलने की योजना के साथ हम 2023-24 में 75 मिलियन टन का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस महान यज्ञ में हम सभी को अपना सक्रिय योगदान करना है। इसके लिए सम्बंधित विभाग और उनके लोग रात-दिन मेहनत कर रहे हैं। लेकिन, सबसे जरूरी बात यह है कि कोयला-खनन और प्रेषण के दौरान हम सेफ्टी का विशेष ध्यान रखें। किसी की जान की कीमत पर हमें एक टन भी कोयला नहीं निकालना है। सभी स्तर पर सेफ्टी के प्रति जागरूकता बहुत आवश्यक है। उत्पादन के साथ हमें कोयले की गुणवत्ता पर भी और काम करना है। अधिकतर क्षेत्रों ने काफी अच्छे परिणाम दिये हैं। हमारे एक - दो क्षेत्र अपनी कमजोरी पहचान कर उसे ठीक कर लें, तो समस्या कम हो जायेगी। इसी के साथ हमें पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी काम करते रहना है। अभी 23 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर पर हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों एवं मुख्यालय में 50,000 पौधारोपण/बीज वितरण किया गया। ERP का काम भी तेजी से चल रहा है। मानव संसाधन विकास और कार्मिक विभाग के सहयोग से यंग मैनेजर्स को भावी चुनौतियों से निपटने के लिए वर्कशॉप किये गये। कोरोना के कारण अब वर्चुअल ट्रेनिंग दी जा रही है, क्योंकि अब यही न्यू नॉर्मल है। कार्मिक विभाग ने HCM पर अच्छा काम किया है। NCWA के तहत 82 आश्रितों को और 295 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को नौकरी दी गयी। इसके अलावा 7 लोगों को मॉनिटरी कम्पन्सेशन भी दिया गया।

इसी तरह, सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए, कम्पनी के हित में अपनी क्षमता का और सदुपयोग करना है। आज इस पुनीत अवसर पर आपको मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि कम्पनी और टीम वेकोलि के सदस्यों का भविष्य उज्ज्वल और सुरक्षित है।

एक बार पुनः आप सभी को स्वाधीनता दिवस की बधाइयां !

कोरोना-संक्रमण से बचाव के लिए हरसम्भव उपाय और सावधानी रखें।

जय हिन्द !

नागपुर

15 अगस्त 2020

राजीव रंजन मिश्र
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

@TeamWCL WCL NEWS

# स्वाधीनता दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री राजीव रंजन मिश्र

## का

# संदेश

## 15 अगस्त, 2020

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



## स्वाधीनता दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

साथी निदेशकगण, सीवीओ, सभी श्रमिक संगठनों के सदस्य, टीम वेकोलि के हमारे सभी साथी, आदरणीया महिलाएं तथा सुरक्षा विभाग के जवान एवं प्यारे बच्चों।

सर्वप्रथम, आप सभी को 74 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाइयां और अनेक शुभकामनाएं !

हमारा गौरव - राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साये में आज हम सभी देश की आज़ादी का उत्सव मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। यह अवसर हमारे उन स्वतंत्रता-सेनानियों के प्रति आदर और आभार व्यक्त करने का भी है, जिनके संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदान की बदौलत सात दशकों से हम आज़ाद, खुले परिवेश में उन्मुक्त सांस ले रहे हैं। स्वतंत्रता के लिए दी गयी उनकी कुर्बानियां, आज हमारे लिए प्रेरणा का प्रसंग तो हैं ही, हमारी ज़िम्मेदारी का अहसास भी हैं। आज़ादी की इस अनमोल विरासत की रक्षा का दायित्व हम सभी पर है। ख़ास तौर पर, युवा पीढ़ी को इस महान कार्य में अपनी प्रत्यक्ष और प्रभावी भूमिका निभानी है। इसके रक्षण और संवर्धन में हम सभी को अपना योगदान सुनिश्चित करना है।

मित्रो, आज़ाद भारत के इतिहास में यह पहला मौका है, जब हम सभी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की मज़बूरी में, जश्न के माहौल में भी अलग-अलग कम संख्या में स्वाधीनता दिवस मना रहे हैं। फ़िर भी यह देखना सुखद और संतोष का विषय है कि इस बंदिश के बावजूद, देशभक्ति के जोश और जज़्बे में ज़रा-सी भी कमी नहीं आई है। यह बात अलग है कि कोरोना-कहर ने सिर्फ़ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में ज़िंदगी के सारे व्याकरण और समीकरण ज़रूर बिगाड़ दिये हैं। लेकिन, हमारे हौसले बुलंद हैं। इसलिए, हम न केवल स्थानीय और सामाजिक बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फ़िर साथ खड़े होंगे। यही हमारा इतिहास रहा है और यही हमारी पहचान भी है।

आप सबों को इस बात के लिए विशेष बधाई कि कोरोना-संकट में लॉकडाउन के बावजूद 6 जून, 2020 को आप तीन खदानों का ऑनलाइन शुभारंभ कर सके। माननीय केंद्रीय मंत्री श्री नितीन गडकरी, मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे तथा माननीय कोयला, खान एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के हाथों नागपुर क्षेत्र की अदासा खुली खदान, कन्हान क्षेत्र की शारदा एवं पेंच की धनकासा भूमिगत खदान का उद्‌घाटन किया गया। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव श्री अनिल कुमार जैन, कोल इंडिया के चेयरमैन श्री प्रमोद अग्रवाल भी मौजूद थे। इसे सिर्फ़ तीन खदानों के शुभारंभ के रूप में नहीं देखा जाना चाहिये, बल्कि यह राष्ट्र की ऊर्जा-आवश्यकता की पूर्ति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है, जिसमें कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया तथा महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश की राज्य सरकारों का विशेष सहयोग हमें लगातार मिल रहा है। इसी अवसर पर दो ऐप्प 'संवाद' और 'WCL EYE' भी लॉन्च किया गया।

इसी सिलसिले में, हमारी Team WCL का ज़िक्र मैं करना चाहूंगा। कोरोना-संक्रमण की आशंका के चलते पूरे देश में लगे लॉक डाउन का विपरीत असर हमलोगों पर भी पड़ा। लेकिन, हमारी टीम ने जिस कर्तव्य परायणता का परिचय दिया, वह अद्भुत है। कोयला-खनन एवं आपूर्ति को आवश्यक सेवा श्रेणी Essential Services श्रेणी में रखा गया है। इस नाते हमारी ज़िम्मेदारी बड़ी है, जिसे हमलोग बख़ूबी निभा भी रहे हैं। कोविड 19 के इस कठिन दौर में अस्पताल, रेलवे, प्रयोगशाला तथा अन्य संस्थानों को बिजली लगातार मिलती रहे, इसके लिए कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है। वेकोलि ने नागपुर, चंद्रपुर, यवतमाल, छिंदवाडा तथा बैतूल जिले के जिलाधिकारियों को गरीबों-बेघरों को भोजन उपलब्ध करवाने के लिए 25-25 लाख रूपये प्रदान किये। अपने नियमित काम के अलावा, आपलोगों ने कोरोना के कारण लॉकडाउन के दौरान गरीबों-बेघरों की मदद कर जो मानवीय संवेदनशीलता दिखाई, वह अद्भुत है। मुख्यालय एवं क्षेत्रों की टीम मित्र और टीम शक्ति ने जरुरतमंदों को महीनों तक लगातार भोजन और कोल नीर उपलब्ध करवा कर एक मिसाल कायम की। श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में भी बड़ी संख्या में वापस उनके गृह प्रदेश जा रहे लोगों की सहायता की। मैं टीम वेकोलि के सभी साथियों को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान किया है। हमारे अधिकारी, श्रमिक बन्धु तथा श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी सभी ने कंधे से कंधा मिला कर कोयला-खनन और आपूर्ति को भी निर्बाध जारी रखा है।

इसी क्रम में मुझे आपसे यह अपील भी करनी है कि अदृश्य दुश्मन कोरोना को हल्के में न लें। मास्क पहनें, समय-समय पर साबुन से हाथ धोते रहें, भीड़ - भाड़ वाली जगहों पर न जायें तथा अपना और अपनों का हरसंभव खास ख्याल रखें। प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन्स का पालन करें। प्रबंधन ने चिकित्सा सुविधा को और चुस्त - दुरुस्त करने के उपाय किये हैं। इसमें कोताही की कोई गुंजाइश नहीं है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि प्रबंधन हमेशा आपके साथ खड़ा है।

दोस्तों, हमारे जीवन में कई उतार-चढ़ाव और अवरोध आते रहते हैं। पर, टीम वेकोलि की यही विशेषता है कि आप चुनौतियों को अवसर में बदलने में माहिर हैं। अपनी इन्हीं ख़ूबियों के लिए टीम वेकोलि जानी जाती है। आपको यह जानकर ख़ुशी होगी कि कोविड 19 के खतरे और मॉनसून के बावजूद पिछले महीनों में हमारी टीम ने हर मोर्चे पर अच्छा काम किया है। Mission 100 Days के तहत आपने विभिन्न 131 गतिविधियों पर काम करना तय किया था। आपको बताते हुए मुझे ख़ुशी हो रही है कि जुलाई महीने की समाप्ति के दो दिन पूर्व ही आपलोगों ने पूरे के पूरे 131 कार्य पूरे कर लिये। इसी का नाम है - Team WCL. इसी सिलसिले में दो और बातों का उल्लेख करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है कि इसी दौरान, कम्पनी के नये CMD के रूप में DTO श्री मनोज कुमार का चयन हुआ है। पिछले दो वर्षों से वे यहां